तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 27 नवंबर 2024

12 देश के आम नागरिक संविधान व अपने अधिकारों ...

11 जामगांव आर सहकारी समिति अध्यक्ष भगवान ...




## खबर संक्षेप

### पत्नी ने स्वयं को समिति सदस्य बनाने की मांग की

**बालोद।** ग्राम बड़गांव निवासी तुलसी निषाद ने प्रगति मछुवारा समिति बड़गांव में उनके पति स्व. रामजी के स्थान पर स्वयं को सदस्य बनाने का आग्रह करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि उनके पति स्व. रामजी आत्मज अर्जुन सिंह प्रगति मछुवारा समिति बड़गांव में सदस्य थे। उनकी 5 सितंबर 2023 को मृत्यु हो गई है। वह पत्नी होने नाते वह नामिनी व वैध उत्तराधिकारी हैं, इसलिए उन्हें उनके पति के स्थान पर समिति का सदस्य बनाया जाए।



### शासकीय भूमि के सीमांकन की मांग की



**बालोद।** ग्राम पाररास के ग्रामीणों ने पाररास पटवारी हल्का 30 के मुक्तिधाम एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय के शासकीय भूमि की जांच व सीमांकन के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि पाररास पटवारी हल्का 30 खसरा केनाल के उस पार की रिक्त भूमि पर शासकीय कन्या महाविद्यालय एवं मुक्तिधाम के समीप की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा शासकीय भूमि मे कब्जा करने की नियत से सीमेंट पोल गाड़ा जा रहा है। जबकि उक्त भूमि में पाररास, कुदरूपारा एवं शिकारीपारा वार्डवासियों द्वारा लगभग 100 वर्षों से अधिक समय से श्मशान जमीन के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इसलिए उक्त भूमि के सीमांकन कर जांच की जाए एवं बेदखली की कार्रवाई की जाए।

### खुरसुल में पेयजल समस्या के निराकरण की मांग

**बालोद/निकुम।** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खुरसुल में पेयजल की समस्याओं व गब्दी धान खरीदी केन्द्र में किसानों को बारदानों की कमी को लेकर ग्राम खुरसुल के युवा सत्यप्रकाश साहू ने क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद और बालोद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सत्यप्रकाश साहू ने कहा कि कई बार पीएचई विभाग के चक्कर काट कर पानी की समस्या से अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है।



### संगीतमय दिव्य मानस महोत्सव 10 जनवरी से

**गुरूर।** ग्राम पलारी में मानस प्रचार समिति पलारी द्वारा प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय संगीतमय दिव्य मानस महोत्सव व्याख्यान माला महाकुंभ का आयोजन 10 से 12 जनवरी तक जाएगा। 12 जनवरी को रात्रि में रंगारंग छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय 3501 रूपये, तृतीय 3001, चतुर्थ 2501, पंचम 2001, षष्टम 1501 एवं सप्तम पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। इसी तरह महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय 3501 रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 3001 रूपए रखा गया है। इसके साथ ही विशेष पुरस्कार के तहत गायन एवं वादन के लिए 501 रूपए तथा व्याख्यान के लिए 501 रूपए, वेशभूषा एवं अनुशासन में 501 रूपये, प्रसंगानुकूल प्रस्तुति के लिए 501 रूपए रखा गया है।

धान खरीदी : जामगांव आर बेलहारी-धमतरी मुख्य पर स्थित सुरपा सोसायटी केंद्र टेमरी का मामला

# सुबह 6 बजे उपार्जन केंद्र पहुंच गए किसान दरवाजा नहीं खुलने से सड़क पर लगा जाम






हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सोमवार को जामगांव आर बेलहारी धमतरी मुख्य सड़क के किनारे सुरपा सोसायटी केंद्र टेमरी का दरवाजा साढ़े 6 बजे तक नहीं खुलने के कारण टेमरी सुरपा डामरीकृत सड़क पर धान से भरे ट्रैक्टर की लंबी लाइन लगने से रोड जाम हो गया।

इससे अन्य सामान्य यात्रियों की यात्रा बाधित होने लगी। किसानों का कहना है कि गांव के परिवेश में अल सुबह उठने की आदत किसानों की होती है और योजना होती है, कि पहले सोसायटी पहुंचने पर धान बेचने का नंबर जल्दी आयेगा और जल्दी सोसायटी कार्य से निवृत्त हो जाएंगे। सोसायटी का दरवाजा जल्दी खुल जाए तो ट्रैक्टर सोसायटी प्रांगण परिसर में आसानी से खड़ी हो सकती, क्योंकि सोसायटी प्रांगण बहुत बड़ा है और टोकन सिस्टम के कारण किसान भी तो लिमिट में ही आना है इसलिए भगदड़ नहीं होगी।

### गांव परिवेश में सोसायटी में आगमन निर्गमन किसानों के हित में होगा

प्रतिदिन अल सुबह सायकल से 6 किमी रनिंग करने वाले 95 वर्षीय किसान रमेशर साहू कहते है गांव का जीवन सरल है भाईचारा से ओत प्रोत है सुबह का महत्व जो समझते है वे सूर्योदय से पहले उठते है स्वास्थ का लाभ लेते हैं। उन्होंने कहा कि शरीर में स्फूर्ति सुबह अच्छी होती है किसान अपना काम फटाफट निपटाने सोसायटी पहुंच जाते है, गांव परिवेश के अनुकूल सोसायटी का आगमन निर्गमन संचालन होना किसानों के हित में होगा।

### समस्या की जानकारी किसान भाई अवश्य दें

नवनियुक्त सोसायटी अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि आज पदभार ग्रहण करने के बाद किसानों की समस्या हल करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। किसान भाई अपनी समस्या की जानकारी अवश्य दें।

## बारदाना को लेकर बवाल, किसानों ने किया चक्काजाम



**डोंडी।** धान खरीदी के लिए शासन द्वारा आधा नया और आधा पुराना बारदाना में लेने की शर्त के खिलाफ मंगलवार को डोंडी के धान खरीदी केंद्र के किसानों ने कुछ देर के लिए सांकेतिक रूप से डोंडी दल्ली मुख्य सड़क को जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों और गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद तहसीलदार एचआर नायक, डोंडी भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से चर्चा की। इस दौरान तहसीलदार ने समिति प्रबंधक आरआर ठाकुर को किसानों का धान नये बारदाने में खरीदी करने के निर्देश दिए।

बता दें कि मंगलवार को धान खरीदी के लिए करीब 50 किसानों को टोकन जारी हुआ था। निर्देश के पश्चात सभी किसानों का धान खरीदा गया। वहीं, समिति के सूत्रों के अनुसार सिस्टम में 50-50 प्रतिशत बारदाना में ही लेने की शर्त है। डोंडी क्षेत्र की सभी सोसाइटियों में 50-50 प्रतिशत बारदाना लेने का नियम है। किसान जीवन धनकर जगत यादव श्यामलाल चुरेंद्र भावेश यादव ने बताया कि शासन द्वारा अचानक यह नया सिस्टम लागू करने से किसानों के समक्ष बहुत बड़ी परेशानी आ गई है। अभी किसान कहां से जूट बारदाना लेकर आएगा। उनका कहना है कि यह व्यवस्था तो शासन को ही करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान किसानों ने जो बारदाना लाया था, उन्हें पैसा नहीं मिला है और इस सरकार ने फिर से नया आदेश जारी कर दिया। मनीषा झा ने बताया कि पिछली सरकार द्वारा मिलरों के भुगतान पेंडिंग के बाद मिलर बारदाना को पीडीएस बारदाना को वापस नहीं किया है। इसलिए यह समस्या आ रही है। उच्च स्तर पर चर्चा करके ठीक कर लिया जाएगा।

## बाइक मरम्मत की रकम मांगने पर विवाद, मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ थाना डौण्डी अंतर्गत ग्राम कांड़े की घटना

बाइक की मरम्मत के बाद पैसे के लेन-देन को लेकर बाइक मिस्त्री और बाइक मालिक के बीच मारपीट हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बाइक की मरम्मत के बाद मैकेनिक ने बाइक में हुए कार्य कार्य के 1100 रुपये मालिक से मांगे। इस पर दोनों में विवाद हो गया। मामले में डौंडी थाने में शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज कर जाँच की जा रही है।

शिकायतकर्ता मंगल प्रसाद साहू ने बताया कि व ग्राम कांड़े थाना–डौण्डी का रहने वाला है। ग्राम पिच्चेटोला में साहू आटो सेंटर में 24 नवंबर को शाम करीब 5 बजे ग्राम दमकसा निवासी मानेष कुमार दुग्गा मेरी दुकान में अपनी मोटर सायकल को बनवाने आया था। मैं बोला कि मोटर सायकल में इंजन का काम है, कल तक बनाकर दे दूंगा। फिर वह अपनी मोटर सायकल को दुकान में छोड़कर चला गया। अगले दिन 25 नवंबर को सुबह लगभग 10 मानेष कुमार अपने भाई सुरज कुमार दुग्गा के साथ दुकान पर आया। मैं उनकी गाड़ी बना रहा था। करीब शाम 5 बजे मैं उनको बताया कि गाड़ी में बहुत ज्यादा परेशानी है, इंजन का काम करना पड़ेगा।

इस पर उन्होंने कहा कि हम लोग अपने गांव तरफ ले जाकर अपनी गाड़ी बनवा लेंगे। तब मैंने गाड़ी में मेरे द्वारा किए गए काम क्लच प्लेट, इंजन आईल, बैटरी चार्ज करने का पैसा 1100 रुपए मांगा। इस पर दोनों विवाद करते हुए मारपीट करने लगे। प्रार्थी ने बताया मारपीट करने से मेरे नाक एवं मुंह में चोट आने से खून निकला है।

## वार्ड क्रमांक 16 के नागरिकों ने की पंचायत में शामिल करने की मांग



**बालोद।** कोण्डे दफाई वार्ड क्रमांक 16 दल्लीराजहरा के ग्रामीणों ने अपने वार्ड को ग्राम पंचायत धोबेदंण्ड में शामिल करने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि 50–60 वर्षों से ग्राम पंचायत धोबेदण्ड में शामिल था, लेकिन कुछ राजनीतिक पार्टी ने अपने लाभ के लिए कोण्डे दफाई के परिवारों का नाम ग्राम पंचायत से हटाकर नगर पालिका दल्लीराहरा में शामिल कर दिया। उन्होंने कहा कि अभी भी बिजली का बिल ग्रामीणों की तरफ से आता है, जिसके कारण नगर पालिका दल्लीराजहरा द्वारा पूर्व से लेकर वर्तमान समय तक किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधा नहीं दी जा रही है। इसलिए कोण्डे दफाई को ग्राम पंचायत धोबेदंण्ड में शामिल किया जाए।

# यातायात नियमों का उल्लंघन 17 वाहन चालकों पर कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है। विगत दो दिनों में 70 से अधिक वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 17 वाहन चालकों पर 15400 रूपये की चालानी कार्रवाई की गई।

परिवहन विभाग द्वारा माह नवम्बर में 11 ओव्हरलोड वाहनों पर 456000 रूपये की चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही अन्य 1024 वाहनों में 1187400 रूपये चालानी कार्रवाई की गई। विगत दो दिनों में बालोद जिले के अलग–अलग स्थानों में चेकिंग प्वाइंट बनाकर अनाधिकृत संचालित यात्री बस, ओव्हरलोडिंग ट्रक तथाा अन्य 60–70 वाहनों की पंजीयन, फिटनेस, प्रदूषण तथा अन्य दस्तावेजों की चेकिंग की गई। जिसमें बिना दस्तावेज, टैक्स, फिटनेस तथा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले 17 वाहन चालकों के विरूद्ध 15400 रूपये चालानी कार्रवाई की गई तथा परिवहन विभाग द्वारा माह नवम्बर में 11 ओव्हरलोड वाहनों पर 456000 रूपये तथा अन्य 1024 वाहनों में 1187400 रूपये कुल 1052 वाहनों में 1658800 रूपये चालानी कार्रवाई की गई।



परिवहन विभाग बालोद द्वारा अपील की गई है कि यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चालक वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेज साथ रखें, ओव्हरलोड ना चलायें, तेज गति से वाहन न चलायें, शराब का सेवन वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करें, नाबालिक बच्चों से वाहन चलाने न देवें, संयमित गति से वाहन चलायें, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट का उपयोग करें।

# वनरक्षक भर्ती के लिए अभ्यर्थी दिखा रहे दमखम






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जिला मुख्यालय के सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में हो रही है शारीरिक दक्षता परीक्षा

जिला मुख्यालय के सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में वनरक्षक के 20 पदों के लिए सोमवार से सीधी भर्ती की शुरुआत हो चुकी है। स्टेडियम में वन विभाग ने प्रतिभागियों के लिए पूरी तैयारी की है, यहां पर विभिन्न श्रेणियों में खेल स्पर्धाओं को भी शामिल किया गया है। प्रथम दिवस आयोजित भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 1513 महिला अभ्यर्थियों में से कुल 410 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। इसी तरह पुरुष वर्ग के कुल 987 अभ्यर्थियों में से 269 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। आपको बता दें कि 20 वनरक्षक के पद के लिए 10700 आवेदन प्राप्त हुए हैं, इन्हीं संख्या के हिसाब से यहां पर व्यवस्थाएं वन विभाग द्वारा की गई है और आने वाले 5 दिनों तक यहां पर वनरक्षक की भर्ती परीक्षा में परीक्षार्थी शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार परीक्षार्थियों को अलग अलग पाली में शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए समय निर्धारित किया गया है, जिसमें एक पाली में 1500 अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। आपको बता दें कि जो परीक्षा दुर्ग में होती थी, यह पहली बार बालोद में हो रही है, इससे जिले के हजारों परीक्षार्थियों में खुशी देखने को मिली है।

### सीसीटीवी कैमरे से निगरानी

वनरक्षक भर्ती के लिए बीते एक सप्ताह से वन विभाग की टीम मैदान को अभ्यर्थियों के हिसाब से दुरुस्त करने में जुटी हुई थी। भर्ती प्रक्रिया में दौड़, गोला फेक, लंबीकूद की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। इसके लिए जगह जगह दर्जनों कैमरे लगाए गए हैं। इस परीक्षा में अभ्यर्थियों को 200, 800 मीटर की दौड़, लंबीकूद व गोला फेंक होगा। वनरक्षक भतएँ शारीरिक दक्षता परीक्षा को शांति पूर्ण तरीके से कराने लगभग 200 से अधिक बालोद व दुर्ग वन विभाग एवं सुरक्षा टीम भी तैनात की गई वहीं अभ्यर्थियों के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि वन विभाग द्वारा इस भर्ती परीक्षा को पूरी तरह से पारदर्शी बनाया गया है किसी भी तरह की लापरवाही यहां पर नहीं हो सकती। इसीलिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं और वन विभाग एवं सुरक्षा टीवी तैनात रहेगी। विशेष गाइडलाइन अभ्यर्थियों के लिए जारी किया गया है। वन मंडल अधिकारी मंडल अधिकारी सहित प्रशासन की टीम भी यहां पर समय–समय पर मॉनिटरिंग करती रहेगी।

## जिले के 138 अमृत सरोवर स्थलों पर मनाया गया संविधान दिवस

# नागरिकों ने भारतीय संविधान उद्देशिका का किया वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ ग्राम पड़कीभाट स्थित अमृत सरोवर में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत निर्मित जिले के 138 अमृत सरोवर स्थलों में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार संविधान दिवस के पावन अवसर को ऐतिहासिक एवं स्मरणीय बनाए रखने के लिए कार्यक्रम के दौरान भारतीय संविधान दिवस की प्रस्तावना का पठन भी किया गया। ग्राम पड़कीभाट के अमृत सरोवर में जिला स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने समारोह में उपस्थित लोगों को भारतीय संविधान उद्देशिका का वाचन कराने के अलावा भारतीय संविधान के आदर्शों तथा देश के नागरिकों का संविधान के प्रति प्रतिबद्धता के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य संविधान के प्रति नागरिकों को जागरूक करना तथा देश के नागरिकों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी देना भी है। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों के लिए निबंध, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। समारोह में निबंध प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान जिले के प्रत्येक अमृत सरोवर में आयोजित संविधान दिवस समारोह के अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों, मनरेगा जॉब कार्डधारियों, नागरिकों एवं छात्र–छात्राओं को भारतीय संविधान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई।



**अधिकारी-कर्मचारियों ने किया भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचनः**
**बालोद।** संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को जिला जनसंपर्क कार्यालय बालोद के अधिकारी–कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर ने कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया। इस दौरान जिला समन्वयक सोशल मीडिया तनवीर खान, वाहन चालक राजेन्द्र कुंजाम, चौकीदार कृष्ण शरण साहू सहित रूबीना खान, घनश्याम चन्द्राकर, हुलेश रजक उपस्थित थे।

### उभयलिंगी व्यक्तियों के लिए जागरुकता शिविर 28 व 29 को

**बालोद।** जिले में उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों के संरक्षण एवं उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए झलमला स्थित उप संचालक समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में 28 एवं 29 नवंबर को दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि इस दो दिवसीय शिविर के माध्यम से उभयलिंगी व्यक्तियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने हेतु उन्हें आवश्यक जानकारी प्रदान करने के साथ विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के पर्यवेक्षण के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। इस दौरान शिविर में तृतीय लिंग समुदाय के लिए पहचान पत्र, प्रमाणीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### जिले में अब तक 64109 टन धान की खरीदी

**रायपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत रायपुर जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 139 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 15,578 किसानों से 64109 टन धान खरीदा गया। इस खरीदी में अब तक 147 करोड़ 61 लाख रूपए राशि की धान खरीदी गई। उल्लेखनीय है कि जिले में धान की खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है, जिससे किसानों को समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने में सहायता मिल रही है। किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ पहुंचाने और प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इस बार की खरीदी प्रक्रिया में किसानों का विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने साप्ताहिक जनदर्शन में सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर के रेडक्रॉस सभाकक्ष में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर जनदर्शन में कुल 43 आवेदन आए है। कलेक्टर ने इन आवेदनों के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को जल्द से जल्द उनकी समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, संयुक्त कलेक्टर उमाशंकर बंदे भी उपस्थित थे।

### प्रोफेसर मारोठिया फिर से बने आईएसएई के अध्यक्ष

**रायपुर।** कृषि और प्राकृतिक संसाधन अर्थशास्त्र के एक प्रमुख विशेषज्ञ प्रोफेसर दिनेश मारोठिया को इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स (आईएसएई) का निर्विरोध अध्यक्ष दूसरे कार्यकाल के लिए पुनः चुना गया है। आईएसएई एक प्रतिष्ठित संगठन है, जिसकी स्थापना 1939 में की गई थी। चुनाव हाल ही में संपन्न 84वें आईएसएई वार्षिक सम्मेलन में हुआ, जो पं. जवाहरलाल नेहरू कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट कराईकल पुडुचेरी में आयोजित हुआ था। वे अपने पहले कार्यकाल के दौरान प्रोफेसर मारोठिया ने महत्वपूर्ण सुधार लागू किए, जिनसे आईएसएई की पत्रिका की गुणवत्ता में सुधार हुआ, वैश्विक प्रकाशनों के अवसर बने, जीवन सदस्यता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई और राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भागीदारी को बढ़ावा मिला। उनके नेतृत्व में आईएसएई ने वित्तीय घाटे से उबरकर वित्तीय स्थिति को लाभ में बदला।

### खंबों पर नहीं लगाई स्ट्रीट लाइट, विधायक से की शिकायत



**रायपुर।** स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के रहवासियों ने संयुक्त हस्ताक्षर अभियान चलाया। साथ ही सोमवार को विधायक अनुज शर्मा से मुलाकात की और अपनी समसयाओं से अवगत कराया। इसी दौरान उन्होंने बताया कि जोरा के कैनाल रोड पर एक दुर्गा मंदिर से लेकर दूसरे दुर्गा मंदिर चौक साहूपारा से होते हुए नवनिर्मित बालाजी कैंसर रिसर्च अस्पताल तक अनेक बिजली के खंबों पर आज तक नगर निगम द्वारा स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई है. विधायक ने उनकी समस्या को गंभीरता से लिया और तत्काल संबंधित जोन कमिश्नर को प्रभावित क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए कॉल किया। साथ ही लिखित में भी समुचित दिशा-निर्देश दिए।

# बालोद में जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला पंचायत बालोद के सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी सहित विभिन्न विभागों के सभापति एवं सदस्यों का सम्मान किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे की विशेष पहल पर जिला पंचायत बालोद के पदाधिकारियों के कार्यकाल के अंतिम पड़ाव में उनके उल्लेखनीय कार्यों के सम्मान में आयोजित इस सम्मान समारोह के अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. कन्नौजे के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी सहित सभी पदाधिकारियों ने जिला पंचायत सदस्यों के बीच आपसी भाईचारा, प्रेम, सहयोग एवं सद्भावना तथा पूरे कार्यकाल के दौरान जिला प्रशासन सहित जिला पंचायत एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग की प्रशंसा की। उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान सामान्य सभा के अलावा जिला पंचायत के सभी बैठकें शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने कहा कि हमारे पूरे कार्यकाल के दौरान जिला पंचायत बालोद के सभी सभा, सम्मेलन एवं आयोजन एक पारिवारिक वातावरण में शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, वह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी ने कहा कि हम सभी जिला पंचायत के पदाधिकारीगण आपसी समन्वय एवं भाईचारा के साथ तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के बदौलत जन सेवा के पूनीत कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य होरालाल रावटे, ललिता पीमन साहू, कृतिका साहू, चंद्रप्रभा सुधाकर, मधु सुकृत साहू सहित विभिन्न विभागों के सभापति, सदस्यों के अलावा बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## सीईओ डॉ कन्नौजे की विशेष पहल पर किया गया आयोजन




### सीईओ ने की पदाधिकारियों की प्रशंसा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने संपूर्ण कार्यकाल के दौरान जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों के उल्लेखनीय कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि आप सभी से मिल सहयोग की बदौलत हम सब अधिकारी-कर्मचारी शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत के पदाधिकारियों के द्वारा आपसी भाईचारा, प्रेरम सौहार्द्र का जो मानक स्थापित किया है। वह आने वाले समय के लिए मील का पत्थर बनकर सभी को प्रेरणा देता रहेगा।

## योजना : समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को निर्धारित समय पर क्रियान्वित करें : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद




कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को निर्धारित समयावधि में समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने संविधान दिवस के अवसर पर समय-सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी कराया। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी धान खरीदी केन्द्रों में समुचित मात्रा में बारदानों की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले के अस्पतालों में फायर ऑडिट के कार्य के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले के सभी अस्पतालों में अनिवार्य रूप से फायर ऑडिट कराने के निर्देश दिए। श्री चन्द्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से स्वास्थ्य विभाग में चल रहें भर्ती प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली तथा इसे शीघ्र पूरा कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों, लक्ष्य एवं उपलब्धि के संबंध में तथा वन संसाधन आदर्श ग्राम हुच्चेटोला में निवासरत ग्रामीणों के आय संवर्धन हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यपालन अभियंता सुक्रांत साहू ने पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रगति के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग के द्वारा जिले के अंतिम सीमा पर स्थित डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के वन संसाधन आदर्श ग्राम हुच्चेटोला के निवासियों के आय संवर्धन हेतु किए जा रहे कार्यों के प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

### युवा उत्सव की तैयारियों की समीक्षा की

बैठक में चन्द्रवाल ने मुख्यमंत्री जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए इन सभी प्रकरणों का विशेष प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। चन्द्रवाल ने 05 एवं 06 दिसंबर से प्रारंभ हो रहे युवा उत्सव वर्ष 2024-25 के आयोजन के तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिले में इसके सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### हुच्चेटोला के ग्रामीणों के लिए योजनाओं पर की चर्चा

चन्द्रवाल ने ग्राम हुच्चेटोला में सिंचाई हेतु पानी की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जल संसाधन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा क्रेडा के प्रभारी अधिकारी को कार्यपालन अभियंताओं को संयुक्त रूप से फील्ड विजिट कर इसके लिए कार्य योजना बनाने के लिए कहा। बैठक में उन्होंने पशुपालन विभाग के उपसंचालक को मुर्गी पालन के लिए चिन्हित हितग्राहियों को समुचित मात्रा में चूजे प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने कृषि विभाग के उप संचालक को ग्रामीणों को अपनी विभाग की योजनाओं से लाभान्वित कराने हेतु किए जा रहे उपायों की भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने मछली पालन विभाग के सहायक संचालक से ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों को मछली पालन के व्यवसाय तथा विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों को ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों को मछली पालन व्यवसाय के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



**बालोद।** शिक्षकों के चार बड़े संघ द्वारा एक होकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया है, इसके बैनरतले चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसी क्रम में शिक्षक मोर्चा में शामिल सभी संघ के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष, संकुल प्रमुख व सक्रिय सदस्य इंद्रवती भवन से महानदी भवन तक पैदल मार्च कर मंत्रालय में मुख्यमंत्री, मुख्यसचिव, शिक्षा सचिव, वित्त सचिव को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिला संचालक दिलीप साहू ने बताया कि प्रदेश के एलबी संवर्ग के शिक्षक नरेंद्र मोदी के गारंटी को अब तक लागू नही किये जाने से नाराज है। छत्तीसगढ़ भाजपा के घोषणा पत्र में सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने, क्रमोन्नति वेतनमान देने, लंबित मंहगाई भत्ता व देय तिथि से एरियर्स राशि देने का वादा किया गया है। इसके अलावा प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन देने, कुल 20 वर्ष की सेवा में केंद्र के समान पूर्ण पेंशन देने की मांग को लेकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन आंदोलन किया जा रहा है। राजधानी में आयोजित पदयात्र में संघर्ष मोर्चा के सभी प्रांतीय, जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी सहित जिले से संघर्ष मोर्चा के जिला संचालक दिलीप साहू एवं जगत राम साहू, हरीश साहू, भूपेंद्र प्रसाद पांडेय, केशव राम साहू सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## धान के अवैध भंडारण-बिक्री पर कार्रवाई, जिले में 19 प्रकरण में 442 क्विंटल धान जब्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिले में धान की अवैध बिक्री एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले में अब तक 19 प्रकरण में कार्रवाई करते हुए 442.60 क्विंटल धान को जब्ती बनाया गया है। जिले में की गई कार्रवाई में सारागांव खरीदी केंद्र में वीरनारायण देवांगन, गणेश राम साहू, सौरभ ट्रेडर्स, नवापारा में अमित सोनी, पारागांव में संजय यादव, कुर्रा में हरिराम साहू, श्रीसांई ट्रेडर्स, श्रीमाता राजिम ट्रेडर्स, सेम्हरा में सेवक राम साहू, तर्री में तुलाराम किराना स्टोर्स, आरंग में भरत साहू, भोथली में बंधु जनरल स्टोर्स, गुल्लू में दिनेश ट्रेडर्स, तुलसी में सोनू अग्रवाल, तरपोंगी में उमेंद्र वर्मा, मोहंदा में राम कल्याण पटेल, सरारीडीह में रामनांद देवांगन, पलौद में रूपेंद्र साहू, सातपारा में जितेंद्र यादव पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

### इस तरह के प्रकरणों में की गई कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि मंडी द्वारा ऐसे फुटकर व्यापारी जिनके द्वारा निर्धारित क्रय सीमा से अधिक मात्रा में धान क्रय कर भंडारित किया गया है। अवैध बिक्री उपार्जन में समर्थन मूल्य एवं बोनस सहित 3100 रुपए प्रति क्विंटल का लाभ प्राप्त करने वालों के खिलाफ कृषि उपज मंडी अधिनियम के उल्लंघन पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इसके अलावा व्यापारियों द्वारा बिना अनुज्ञा पत्र बिना मंडी शुल्क कृषक कल्याण शुल्क जमा किये, परिवहन करते या विक्रय करते पाए जाने वालों पर भी कार्रवाई की गई है।

## पथकर विक्रेताओं ने निकाली पदयात्रा, निगम मुख्यालय के सामने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- छत्तीसगढ़ में 2014 के पथ विक्रेता कानून को लागू करने की मांग
- बिना जप्ती पत्र के निगम द्वारा सामान जप्त करने का विरोध

प्रदेश में पथ विक्रेता कानून 2014 लागू करने की मांग को लेकर शहर के पथ विक्रेताओं ने शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। फुटकर कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ हाकर्स फेडरेशन और पथ विक्रेता कल्याण संघ के पदाधिकारियों सहित एनआईटी, आयुर्वेदिक कालेज, साइंस कालेज और जीई रोड के स्ट्रीट वेंडर्स ने अनुपम गार्डन से निगम मुख्यालय तक पदयात्रा निकाली और निगम मुख्यालय के सामने नारेबाजी कर निगम प्रशासन का ध्यान अपनी समस्याओं के प्रति आकर्षित कराया। साथ ही उपायुक्त विनोद पांडे और अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता से मुलाकात की। अधिकारियों ने पथ विक्रेताओं के व्यवस्थापन की उचित व्यवस्था करने और जल्द बैठक करने का भरोसा दिलाया है। शहर में ठेले, गुमटियों के उचित व्यवस्थापन की व्यवस्था किये बिना नगर निगम पथ विक्रेताओं के समान जप्ती करने और ठेला गुमटियों को हटाने को लेकर स्ट्रीट वेंडरों ने राजधानी में गांधी सदन के सामने प्रदर्शन किया। वे छत्तीसगढ़ में 2014 का पथ विक्रेता कानून लागू करने की मांग कर रहे थे। पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे हाकर्स फेडरेशन के अध्यक्ष गौतम बंदोपाध्याय ने कहा कि स्मार्ट सिटी बनाने का मास्टर प्लान सिर्फ कमीशन का खेल है। जिससे पूरा शहर प्रभावित है। जो मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है उसमें पथ विक्रेताओं के लिए कोई व्यवस्था नही है।

## धान खरीदी के लिए पूरा बारदाना शासन उपलब्ध कराए : संगीता

सोरर धान खरीदी केंद्र पहुंचकर किसानों से की चर्चा

- किसानों से 50 प्रतिशत बारदाना मंगाए जाने के आदेश का विधायक ने किया विरोध
- बारदाने को लेकर किसानों की शिकायत पर कलेक्टर से फोन पर की चर्चा
- कलेक्टर से चर्चा के बाद समिति में पहुंचा पुराना बारदाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

किसानों से लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा अचानक गुरुर ब्लॉक के सोरर धान खरीदी केंद्र पहुंचीं। समिति में किसानों ने 50 प्रतिशत बारदाना मंगाने के आदेश का विरोध करते हुए विधायक को इसकी जानकारी दी। इस पर विधायक श्रीमती सिन्हा ने कलेक्टर से बात की। विधायक के हस्तक्षेप के बाद समिति में पुराना बारदाना पहुंचा।

विधायक ने खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। वहां पर किसानों से मिली व किसानों की समस्याओं को उन्होंने जाना। वहां किसानों से पता यह चला कि बारदाने की उचित व्यवस्था नहीं है और भी अन्य बहुत सी अव्यवस्थाएं हैं। इस पर उन्होंने कलेक्टर से फोन पर चर्चा की और व्यवस्था सुधारने को कहा। साथ ही किसानों के अन्य समस्याओं के निराकरण करने की बात भी कही। ऐसा नहीं होने पर उन्होंने आंदोलन करने की चेतावनी दी।

### कहा- शासन के तुगलकी फरमान से किसान परेशान

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि शासन के तुगलकी फरमान के कारण आज किसान परेशान हैं। समिति ने समय पर किसानों को बारदाना लाने की जानकारी नहीं दी।

वहीं, अचानक किसानों से बारदाना मंगाने के कारण खुले बाजार में बारदाने की कीमत 50 से 60 रूपये नग तक पहुंच गई है, जबकि शासन की ओर से किसानों को बारदाना के बदले 25 रूपये देने की बात कही जा रही है। इससे किसानों को सीधा-सीधा आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को बारदाना शासन द्वारा उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

## अदालतों में जवाबदावा पेश करने वाले अफसर क्यों पेश नहीं हो रहे हैं महाधिवक्ता कार्यालय में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- सरकार ने चेताया और दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी



न्यायालयों में सरकार की ओर से जवाबदावा पेश करने की जिम्मेदारी जिन प्रभारी अधिकारी और नोडल अधिकारी की है, वे खुद महाधिवक्ता के समक्ष में पेश नहीं हो रहे हैं। यही नहीं, इन अधिकारियों की जगह दूसरे अधिकारी महाधिवक्ता कार्यालय में हाजिर हो रहे हैं। इस पूरे मामले सरकार ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। सरकार ने कहा है कि ऐसा करना भारतीय न्याय संहिता के विपरीत है। ऐसा कृत्य करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगमों के आयुक्त पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को निर्देश जारी किया है। कहा गया है कि राज्य शासन के ध्यान में यह बात लाई गई है कि कतिपय विभाग में न्यायालय में प्रस्तुत होने वाले प्रकरणो में जवाब दावा प्रस्तुत करने के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारी, नोडल अधिकारी के स्थान पर संबंधित दस्तावेजों के साथ अन्य अधिकारी महाधिवक्ता कार्यालय में उपस्थित हो रहे हैं। अब निर्देश दिया दया है कि न्यायालयों में प्रस्तुत होने वेला प्रकरणों में जवाबदावा प्रस्तुत करने के लिए सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रकरण के प्रभारी अधिकारी ही महाधिवक्त कार्यालय में उपस्थित हों। इसके अलवा कतिपय विशेष प्रकरणों में प्रशासकीय विभाग में नियुक्त नोडल अधिकारी स्वयं प्रभारी अधिकारी के रूप में कार्य संपादित कर सकेंगे।

### राज्य में 16 जुलाई 2024 को छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का किया गया था गठन

# ओबीसी कल्याण आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल 2 साल के लिए बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के साथ अध्यक्ष व सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष के लिए बढ़ गया है। इस संबंध में राज्य सरकार ने आदेश जारी किया है। यह आदेश 21 नवंबर को आदिम जाति, अनूसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में 16 जुलाई 2024 को छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया गया था। इस आयोग का गठन त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के चुनाव के पूर्व प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण तय करने के लिए किया गया है। आयोग का गठन 3 महीने के लिए किया गया था। इसमें अध्यक्ष के अलावा सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है। आयोग ने ओबीसी वर्ग का आरक्षण तय करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में ओबीसी वर्ग की शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति के आंकड़ों की रिपोर्ट तैयार कराई है।

रिपोर्ट तैयार करने के बाद आयोग का कार्यकाल भी खत्म हो गया था, लेकिन अब आयोग का कार्यकाल 2 वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। इसी के साथ आयोग के अध्यक्ष सहित सदस्यों का कार्यकाल भी दो वर्ष के लिए बढ़ गया है।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री साव आज बालोद जिले के दौरे पर



**बालोद।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव बालोद जिले के दौरे पर आ रहे हैं। उप मुख्यमंत्री के निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार वे 27 नवंबर को दोपहर 1.30 बजे बालोद जिले के डौण्डी पहुँचेंगे। वहाँ वे दोपहर 01.35 बजे से पुलिस ग्राउंड डौण्डी में आयोजित तहसील साहू संघ के सम्मान समारोह एवं स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### अछोली में तीन दिवसीय सत्संग प्रवचन आज से

**डौण्डीलोहारा।** सद्गुरु कबीर पंथी परिवार एवं समस्त ग्रामवासी अछोली के तत्वावधान में 27, 28 एवं 29 नवंबर को ग्राम अछोली (डौण्डीलोहारा) में तीन दिवसीय सत्संग-प्रवचन का आयोजन किया गया है। टुमन लाल साहू ने बताया कि संत श्री रामू साहेब जी, ग्राम मिरमिट्टी, जिला कबीरधाम छ.ग.अपनी भजन मंडली के साथ पधार कर अविरल ज्ञान गंगा प्रवाहित करेंगे। सत्संग-प्रवचन का समय प्रातः 10.30से 01 बजे तक एवं दोपहर 02 से 04 बजे तक रहेगा।

### ब्यारा में रखा ट्रैक्टर व थ्रेसर चोरी

**बालोद।** बीते दिनों जिले के कुछ इलाकों में बोरी में रखे धान की चोरी होने की शिकायत सामने आई थी। लेकिन अब जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र से ट्रैक्टर और थ्रेसर मशीन की चोरी होने की शिकायत सामने आई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के संजारी चौकी क्षेत्र के सोरली गांव की है। धर्मराज पटेल ने बताया कि वह ग्राम पंचायत बिजोरा में पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ है। उन्होंने बताया कि 24 नवंबर को मैं अपने भांजा के लिये लड़की देखने गया था। रात्रि होने से भांजा डेविड पटेल के घर झलमला में ही रूक गया था। 25 नवंबर की सुबह 5:30 बजे ग्राम सोरली से मेरी पत्नी ने मेरे मोबाइल पर फोन करके बताया कि पुरूषोत्तम पटेल के ब्यारा सोरली में रखा हमारा ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 24 आर 1571 और उसमें लगी मशीन को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। जानकारी देने पर मैं झलमला से ग्राम सोरली आया। पुरूषोत्तम पटेल के ब्यारा में जाकर देखा। वहां रखा ट्रैक्टर व थ्रेसर मशीन नहीं था। आसपास के लोगों से जानकारी ली। कहीं कोई पता नहीं चला।

## निधन

### कृष्णकुमार ठाकुर



**बालोद।** नगर के गंगासागर तालाबपार निवासी कृष्णकुमार ठाकुर 85 वर्ष पैतृक ग्राम चिलहाटीकला का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तांदुला मुक्तिधाम में किया गया। वे शशिकांत ठाकुर के पिता थे।

### देवी नवागाँव में लगा राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर, वक्ताओं ने किया प्रेरित

# युवाओं का आदर्श स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुष होना चाहिए : राजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघमरा के विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में ग्राम देवी नवागाँव में राष्ट्रीय सेवा योजना का आयोजन 23 से 29 नवंबर तक सात दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया है। इसके तहत विभिन्न जीवनोपयोगी विषयों पर जानकारी दी जा रही है। भारत माता एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र को पूजन कर दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में शिविरार्थियों के व्यक्तित्व विकास पर विशेष उद्बोधन देते हुए गायत्री परिवार कार्यकर्ता राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि मनुष्य की मूल्यांकन की कसौटी उसके सफलताओं, योग्यताओं एवं विभूतियों से नहीं वरन निःस्वार्थ सेवाभाव स्वरूप सद्विचार एवं सत्कर्मों को मानेंगे। युवाओं का आदर्श स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुष होना चाहिए, लेकिन वर्तमान समय में अधिकांश युवा अपना आदर्श फिल्म अभिनेताओं को बना रहे हैं जो कि खुद के लिए एवं समाज के लिए घातक है। स्वस्थ शरीर में ही स्वच्छ मन का वास होता है और इसी से सभ्य समाज का निर्माण संभव है। यौवन का संबंध तन की अपेक्षा मन से अधिक है। यौवन का अर्थ है ऐसी युवा मनःस्थिति जिससे सदा उत्साह, उमंग उमड़ता हो। प्रफुल्लित, प्रमुदित, प्रसन्नचित मनःस्थिति युवावस्था की परिचायक है।





**दिनचर्या में योग व प्राणायाम को शामिल करें**

हमारी दिनचर्या संयमित, नियमिततापूर्ण योग प्राणायाम को शामिल करने से आरोग्य की रक्षा हो सकती है। आज पूरे देश और दुनिया में नशा के रूप में तंबाकू, गुटखा, शराब व मांसाहार जन जन के जीवन में प्रवेश कर चुका है जिसके परिणामस्वरूप अनेकों प्रकार की बीमारी व दुर्घटना हो रही है। सभी शिविरार्थी विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को जीवनोपयोगी साहित्य वितरित किया गया एवं बुराइयों को छोड़ने का संकल्प लेते हुए राष्ट्र को श्रेष्ठ एवं प्रगतिशील बनाने का कदम उठाया। कार्यक्रम में शिक्षकों व ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

### वक्ताओं ने बताया एनएसएस का महत्व

**अंडा।** ग्राम पंचायत डंगनिया में राष्ट्रीय सेवा योजना माता कर्मा महाविद्यालय गुंडरदेही का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत बौद्धिक पर चर्चा सत्र में डॉ नीता बाजपेई राज्य संपर्क अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना पदेन उप सचिव उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन और समापन कार्यक्रम के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद का आगमन शिविर के छठवें दिन मेरा युवा भारत के थीम को लेकर परियोजना कार्य और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डॉ मानसी गुलाटी रमेश चंद्र फाउंडेशन शंकराचार्य द्वारा किया। ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में डॉ नीता बाजपेई ने बच्चों से रूबरू होकर युवाओं को स्वामी विवेकानंद जैसे बनना है, इस विषय पर परिचर्चा की। डा आरआरपी अग्रवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना का जीवन में क्या महत्व है, इस विषय पर अपनी बात रखी। नीलम सिंह ने पर्यावरण विषय में बच्चों से बात कही। वरिष्ठ स्वयंसेवक मनोज






साहू ने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवकों से कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना को कैसे जिया जाता है।

**विधायक कुंवरसिंह ने कहा वे भी रह चुके हैं स्वयंसेवकः** संध्याकालीन समापन कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक कुंवरसिंह निषाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वह भी स्वयंसेवक रह चुके हैं। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भोज साहू , दुर्ग ग्रामीण अंडा क्षेत्र के पत्रकार संजय साहू, नितिन शर्मा युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र का सानिध्य प्राप्त हुआ। कैंप फायर निशा साहू की टीम द्वारा लोक संगीत के माध्यम से हुआ। स्वागत भाषण और प्रतिवेदन डॉ लीना साहू द्वारा वाचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी दिगेंद्र साहू ने किया। कार्यक्रम का समायोजन ग्राम सरपंच टिकेश्वर साहू वरिष्ठ स्वयंसेवक कौशल गजेंद्र देवेंद्र साहू ने किया। आभार सरपंच कुलदीप साहू ने किया। शिविर नायक रुद्र कुमार रोशन कुमार कुमकुम देशमुख मेघा रुचि यशस्वी कुणाल माधुरी का विशेष योगदान है।

## जामगांव आर सहकारी समिति अध्यक्ष भगवान सिंह ने लिया पदभार



**जामगांव आर।** सेवा सहकारी समिति जामगांव आर के नवनियुक्त अध्यक्ष भगवान सिंह चंद्राकर ने पदभार ग्रहण किया। केंदीय सहकारी बैंक जामगांव आर शाखा प्रबंधक संतराम सेन, समिति प्रबंधक वीरेंद्र देशमुख पद भार ग्रहण कराया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, बेलहारी सोसायटी अध्यक्ष रूपसिंह सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय नरेश केला, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार चंद्राकर, सोसायटी के सोसायटी पूर्व प्राधिकृत अधिकारी रूपेन्द्र शुक्ला, पूर्व सदस्य हीरा साहू, पूर्व सरपंच कन्हैया लाल साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जय प्रकाश चंद्राकर, भाजपा नेता मेघनाथ सगरवंशी, अश्वनी साहू, चेला राम साहू, चंद्रिका चंद्राकर, भोज साहू, सोन साय साहू, खुमान जांगड़े, लक्ष्मण कोठारी के साथ ही समिति के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सुरपा समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष नारद ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सेवा सहकारी समिति धान खरीदी केंद्र सुरपा के प्राधिकृत अध्यक्ष नारद साहू ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, जनपद सदस्य रवि सिन्हा, प्राधिकृत अध्यक्ष निपानी बेणीराम साहू, प्राधिकृत अध्यक्ष बटरेल कमलेश साहू, प्राधिकृत अध्यक्ष बेल्हारी रूपसिंह सिन्हा, तुलसीराम साहू, जोगीराम साहू, सुरेश बंछोर, देवानंद देवांगन उपस्थित थे। पदाभार संभालने के बाद युवा मोर्चा अध्यक्ष नारद साहू ने किसानों से धान खरीदी केंद्र पर पंहुच कर किसानों से चर्चा कर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उन्हें अवगत कराने का आग्रह किया। समारोह में संजू साहू, अभिषेक सेन, किशोर सेन, नरेन्द्र धरमगुड़ी, अंकालु साहू, दीनदयाल साहू, कैलाश साहू, जीवधन साहू, गोविंद साहू, टीकम सिंह साहू सहित समिति कर्मचारी एवं किसान उपस्थित थे। सह समिति प्रबंधक चंदूलाल टंडन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र सोनी ने किया।

## बटरेल समिति के अध्यक्ष कमलेश ने लिया पदभार




**जामगांव आर।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित बटरेल में नव नियुक्त अध्यक्ष कमलेश साहू ने पदभार ग्रहण किया। पद ग्रहण समारोह में पूर्व विधायक डा दयाराम साहू, भाजपा दक्षिण पाटन मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, बेल्हारी सोसायटी अध्यक्ष रूपसिंह सिन्हा, अभयराम ठाकुर सरपंच बटरेल, भोकलू राम साहू ,पूर्व अध्यक्ष डा देवेंद्र साहू अतिथि मंच पर मंचासीन रहे। समिति प्रबंधक खुमेश वर्मा, चुम्मन सहायक समिति प्रबंधक, येवेंद्र शांडिल्य, राजेंद्र निर्मल रामकुमार ठाकुर, रविन्द्र कुमार, गोविंद प्रसाद साहू वोमेन्द्र साहू ने अपने नए अध्यक्ष का पुष्पहार से स्वागत किए। नव नियुक्त सोसायटी अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि किसानों की समस्या अपनी समस्या मानकर कर हल करेंगे। कार्यक्रम को पूर्व विधायक डा दयाराम साहू, मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में छगन लाल साहू, रूपेंद्र साहू, भेष आठे, चूरामन ठाकुर, राजू साहू, योगी साहू, कमलेश यादव, रेवा साहू, फ़त्ते साहू, कन्हैया लाल सहित किसान एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शासकीय प्राथमिक शाला भोथली में मनाया गया संविधान दिवस




**बालोद/निकुम।** शासकीय प्राथमिक शाला भोथली में संविधान दिवस पर बाबा भीमराव अम्बेकर की पूजा अर्चना कर संविधान की जानकारी स्कूली बच्चों को दी गई।

वहीं, अपनी नई सोच व लगातार शिक्षा के क्षेत्र में गांव की स्कूल बेहतर सुविधा, बेहतर शिक्षा की थीम पर लगातार एक दशक से सरपंच भोथली के दिव्यांग सरपंच सुरेश साहू ने स्कूल में अध्यनरत स्कूली बच्चों को शुध्द पेयजल देने के लिए दो वाटर प्युरीफायर वाटर फिल्टर सिस्टम मशीन स्कूल में लगवाया। गौरतलब है कि नदी किनारे बसे होने के कारण बरसात में अशुद्ध पानी पीने से बच्चों के बीमार हो जाने का खतरा बना रहता है, जिससे बच्चों को शुद्व फिल्टर पानी देने दो वाटर प्युरीफायर सिस्टम लगने से नौनिहालों के चेहरे खुशी से खिल गए। सुरेश साहू के बेहतर प्रयास से कई शाला त्यागी बच्चे पढ़ कर शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल को अलग ही पहचान मिल रही है। इस विघालय में सरपंच ने प्रधानमंत्री मोदी के न्यौता के थीम को सफल बनाने व प्रेरित करने पूर्व सात बार न्यौता भोजन करवाकर अच्छी पहल कर चुके हैं। इस स्कूल में स्मार्ट क्लास, 5 कक्षाओं में स्मार्ट टीवी, सीसी कैमरा लगा है। शाला के प्रधान पाठक भानुप्रकाश वर्मा व शिक्षक प्रमोद कुमार बास्वाल, चंदन साहू व ग्रामीणों के सहयोग से बेहतर शिक्षा मिल रहा है।

## विधायक ने ग्रामीणों को दी विकासकार्यों की सौगात



**डौंडीलोहारा।** क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया ने वनांचल क्षेत्र के ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों को लाखों रुपए के विकासकार्यों की सौगात दी। सर्वप्रथम रायगढ़ में शीतला मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुईं। उसके बाद भंवरमरा में व्यावसायिक परिसर का लोकार्पण किया। फिर अरजपुरी में हॉट बाजार चबूतरा निर्माण का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र की विधायक श्रीमती अनिला भेड़िया, भोलाराम देशमुख पूर्व मंडी अध्यक्ष, गोविंद चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि, राजाराम तारम जनपद सदस्य गणेश रात्रे, विरेन्द्र मंडावी, कृष्णा नेताम, दिनेश गुप्ता एवं सभी सरपंचों की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ। उसके बाद अरजपुरी में मितानिन दिवस के अवसर पर सभी मितानियों को विधायक ने शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं अरजपुरी के हाट बाजार में विधायक ने सब्जी भाजी की खरीदी।

## गुरेदा समिति के अध्यक्ष कमलेश ने लिया पदभार



**गुण्डरदेही।** सेवा सहकारी समिति गुरेदा के नव नियुक्त अध्यक्ष कमलेश पांडे ने सोमवार को समिति प्रबंधक व किसानों की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पांडे ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार अपने घोषणा पत्र के मुताबिक किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से धान ले रही है, जिसका भुगतान भी सीधे किसानों के खाते में हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू, समिति प्रबंधक रोहित देशमुख, जीवराखन साहू, हिरदेराम, रामसागर सिन्हा, पूरन साहू, भरत चन्द्राकर, रोहित सोनकर, लोभान दास, ओंकार साहू, अमृत कुंभकार, राकेश कुंभकार, चिन्तामणी पांडे, रोशन साहू, खिलेंद्र चन्द्राकर, महेंद्र साहू, देवेन्द्र सिन्हा सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

# विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव 5 व 6 को, जिलास्तरीय 9 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा दिसंबर माह में युवा उत्सव वर्ष 2024–25 का आयोजन किया जाएगा।

संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी पूजा बंसल ने बताया कि जिले में युवा उत्सव वर्ष 2024–25 का आयोजन 02 चरणों में आयोजित किया गया है। जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में विकासखण्ड स्तर पर 05 एवं 06 दिसंबर को एवं द्वितीय चरण में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 09 दिसंबर को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि युवा उत्सव 2024–25 के पंजीयन की अंतिम तिथि 30 नवंबर को दोपहर 12 बजे तक निर्धारित की गई है। युवा उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक युवा–युवती संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नात्कोत्तर महाविद्यालय बालोद में निर्धारित तिथि तक उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। युवा उत्सव में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित की गई है। बंसल ने बताया कि प्रतिभागियों को आयु के संबंध में आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना होगा। विकासखण्ड स्तर से चयनित प्रतिभागी ही जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही रॉकबैंड विधा के प्रतिभागी निर्धारित तिथि तक पंजीयन कर सीधे जिला स्तर युवा उत्सव में शामिल हो सकते हैं।

रॉकबैंड के दल में प्रतिभागियों की संख्या अधिकतम 10 होगी। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव 2024–25 आयोजन का स्थान एवं अन्य विस्तृत जानकारी संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

### विविध प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी पूजा बंसल ने बताया कि युवा उत्सव में विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। युवा उत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक गीत तथा लाइफ स्कील के अंतर्गत कहानी लेखन चित्रकला में वक्तृत्व कला, कविता एवं तात्कालिक भाषण, थिमैटिक विधा में विज्ञान मेला तथा युवा कृति के अंतर्गत हस्तशिल्प, टेक्सटाइल एवं कृषि उत्पादन आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा जिला एवं राज्य स्तर पर रॉकबैंड का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन के संबंध में संपूर्ण जानकारी सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप स्थित खेल एवं युवा कल्याण विभाग कार्यालय बालोद से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

**राजहरा परिवहन संघ के सदस्यों ने दूसरे दिन भी सड़क पर बैठकर दिया धरना**

# कलेक्टर की समझाइश पर प्रदर्शनकारियों ने रोका चक्काजाम, जारी रहेगा प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राजहरा परिवहन संघ का पांच सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान डड़सेना पुलिया के पास दल्ली व राजहरा तथा महामाया माइंस से लौह अयस्क उत्पादन को दूसरे दिन भी चक्काजाम कर ठप कर दिया गया। राजहरा परिवहन संघ के सैकड़ों सदस्य सुबह से ही डड़सेना पुलिया के पास पहुंच गए और शाम तक बैठे रहे, किंतु लौह अयस्क परिवहन की एक भी गाड़ी राजहरा माइंस बंकर के लिए नहीं आई। इससे बीएस पी का उत्पादन प्रभावित हुआ।

राजहरा परिवहन संघ की मांगों को लेकर प्रशासनिक अधिकारी, बीएसपी अधिकारी व राजहरा परिवहन संघ के सदस्यों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता कलेक्टर कार्यालय के सभागार में शाम 4 बजे हुई, जिसमें कलेक्टर चंद्रवाल, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, आरके सोनकर अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व) डोंडी , डॉ चित्रा वर्मा नगर पुलिस अधीक्षक दल्लीराजहरा, बीएसपी के सीजीएम आईओसी राजहरा गहरवार, डॉ जेएस बघेल, राजहरा परिवहन संघ के इंद्रजीत सिंह तुली, परविंदर सिंह छतवाल, अतिन्दर सिंह संधू ,नरेंद्र सिंह तुली ,जगजीत सिंह मरवाहा, अनिल सुथार उपस्थित थे। त्रिपक्षीय वार्ता में राजहरा परिवहन संघ के सदस्यों ने अपनी मांगों के संबंध में विस्तार से जानकारी रखी। बीएसपी के अधिकारियों ने उन मांगों के संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर समस्या का समाधान निकालने की बात कही। कलेक्टर ने राजहरा परिवहन संघ से आंदोलन समाप्त करने का आग्रह किया। इस पर राजहरा परिवहन संघ ने कलेक्टर के निर्देश पर लौह अयस्क उत्पादन बाधित करने वाले चक्काजाम को बुधवार से स्थगित करने का निर्णय लिया। लेकिन, मांग पूरी नहीं होने तक माइंस आफिस के समीप अनिश्चित धरना जारी रखने की भी बात कही।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### उपमुख्यमंत्री साव से मिले जिले के भाजपा नेता

**बालोद।** उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरुण साहू के जन्मदिन पर जिले के भाजपा नेताओं ने उनके विधानसभा क्षेत्र लोरमी जाकर उनसे मुलाकात की और शुभकामनाएं दी। इस दौरान राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, नगर पालिका बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव, महासमुंद के चंद्रहास चंद्राकर, बालोद जिला भाजपा महामंत्री चेमन देशमुख, शाहिद खान उपस्थित थे।

### मोगरी में शिक्षक बालकिशन ने दिया नेवता भोज



**बालोद/सिकोसा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोगरी में शिक्षक बालकिशन नेताम ने अपने जन्मदिवस पर नेवता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक बीएस सोम, शिक्षक ओंकार पड़ोटी, व्याख्याता पीआर वटी, शिक्षिका तुलसी ठाकुर व प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका कमलेश्वरी बघेल उपस्थित थे।

### सब इंजीनियर कामिनी ने बच्चों को दिया न्योता भोज



**गुण्डरदेही।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिर्री में सब इंजीनियर जनपद पंचायत गुण्डरदेही कामिनी चन्द्राकर ने अपने जन्मदिन पर सोमवार को स्कूली बच्चों को नेवता भोज कराया।

### झोफरा स्कूल में प्रधानपाठिका प्रीति ने कराया न्योता भोज



**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा में शिक्षक प्रीति मंडावी ने प्रधान पाठिका का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में मंगलवार को स्कूल के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। इसके तहत शाला में उपस्थित सभी 22 बच्चों को भोजन के रूप में खीर-पूड़ी खिलाई गई।

### पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 3.50 लाख की ठगी



**भिलाई।** लोगों को पार्ट टाईम नौकरी का लालच देकर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक झारखंड का रहने वाला है। वह ऑनलाइन ठगी को अंजाम दिया।

**आयोजन**

संविधान दिवस की हीरक जयंती पर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अजय ने कहा

# देश के आम नागरिक संविधान व अपने अधिकारों के बारे में जागरूक हो रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद छत्तीसगढ़ के विधि विभाग द्वारा संविधान दिवस मनाया गया।

- शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अधिवक्ता संघ बालोद के अध्यक्ष अजय साहू उपस्थित थे। साथ ही अधिवक्ता चुनीलाल साहू, अधिवक्ता टोमन लाल साहू तथा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सीडी मानिकपुरी, विधि विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर राघवेश पांडे तथा अन्य प्राध्यापकों में डॉक्टर जेके पटेल, पूनम चंद गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, सुब्रत मंडल, नितिन मिंज तथा विधि विभाग के छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन विधि विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉक्टर स्वाति वैष्णव ने किया। विभाग अध्यक्ष डॉ राघवेश पांडे ने संविधान के प्रस्तावना में उल्लेखित अधिकारों तथा सार्वभौमिक मूल्य की विवेचना करते हुए विद्यार्थियों को इन





संवैधानिक मूल्यों को अपनाने के लिए तथा अपने जीवन में नैतिकता और अनुशासन को सम्मिलित करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि अजय साहू ने कहा कि संविधान के लागू होने के 75 वें वर्ष बाद भी आज भी इसकी प्रासंगिकता में कोई कमी नहीं हुई है। अर्थात 75 वर्ष पूर्व की सोच और दूर दृष्टि के साथ संविधान सभा ने इसे बड़ी मेहनत के साथ निर्मित किया था, जो आज भी समाज कल्याण और देश के विकास में तत्पर है। अतः इसका महत्व कभी भी कम नहीं हो सकता, इस महापर्व को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने के कारण आज न केवल विधि से जुड़े व्यक्ति बल्कि देश के आम नागरिक भी संविधान के प्रावधानों के बारे में तथा अपने अधिकारों के बारे में जागरूक हो रहे हैं।

### संविधान की प्रस्तावना का किया वाचन

कार्यक्रम में विधि विभाग के एलएलबी के छात्र देवेंद्र साहू व रेशमा साहू ने संविधान दिवस पर अपनी बात रखी। प्रभारी प्राचार्य चंद्रोदय दास मानिकपुरी ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया तथा सभा में उपस्थित सभी लोगों ने उसकी शपथ ली गई। धन्यवाद ज्ञापन विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर जैनेंद्र कुमार पटेल ने किया। उन्होंने जिला अधिवक्ता संघ बालोद से आग्रह किया गया कि बालोद के लीड कॉलेज में पंचवर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स लाने की बात राज्य तथा भारतीय विधि की परिषद के समक्ष रखने का आग्रह किया, जिससे स्थानीय छात्रों को और लाभ मिलेगा।



## शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मना संविधान दिवस

**डौंडीलोहारा।** संजयनगर स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 75वाँ भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। अतिथियों ने भारत माता व बाबा साहेब आंबेडकर के तैलचित्र की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। शिक्षकों ने भारतीय संविधान पर अपने व्यक्तव्य प्रदान करने के पूर्व संविधान की आत्मा, संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया। मुख्यवक्ता संस्था प्रमुख प्रदीप कुमार मेश्राम ने भारत के संविधान को सबसे बड़ा लिखित संविधान बतलाते हुए उसके निर्माण व विस्तार के संबंध में जानकारी दी। व्याख्याता डुप्ले साहू ने भारत के संविधान को सबसे बड़ा लिखित संविधान बताया। व्याख्याता रीना मंडल, छाया नंदा, संगीता वैदे, रविंद्रनाथ योगी ने भी संविधान के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हेमंत साहू व आभार व्याख्याता लवण साहू ने किया। कार्यक्रम में व्याख्याता रामसहाय देशमुख, पुष्पा कटेंद्र ,अविनाश कुमार साहू,तेजेश्वरी साहू, एनुका सार्वा,सौरभ शर्मा,सूर्योदय मानिकपुरी, डामन देशमुख, गिरीश साहू सहित सभी शिक्षक, तेजप्रकाश पटेल, पुष्कर तामुरिया सहित सभी बच्चों का सहयोग रहा।

### हुई विविध प्रतियोगिताएं

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने भाषण के माध्यम से भारतीय संविधान के संबंध में अपनी बात रखी। इस अवसर पर विद्यालय स्तरीय चित्रकला, निबंध, भाषण व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में ईशा खरे ग्यारहवीं विज्ञान प्रथम, पूजा साहू बारहवीं कला द्वितीय, निबंध प्रतियोगिता में भाविका मेरिया ग्यारहवीं विज्ञान प्रथम, गीताजंली निषाद ग्यारहवीं विज्ञान द्वितीय ,भाषण प्रतियोगिता में गीताजंली निषाद ग्यारहवीं विज्ञान प्रथम, भावना बंबोडे ग्यारहवीं विज्ञान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## बच्चों को शाला की गतिविधियों से जोड़कर समझाया संविधान का अर्थ



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गजाधर कोकिला एवं डा. केएस सिन्हा ने बाबासाहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक रमेश कुमार गजभिए ने सभी को संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया।

- शासकीय विद्यालय सिवनी में मनाया गया संविधान दिवस

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गजाधर कोकिला ने अपने सारगर्भित शब्दों में कहा कि विकट परिस्थिति में देश के नेताओं ने संविधान निर्माण में सहयोग किया। शिक्षक पी.एल. यादव ने अपनी शाला की गतिविधियों को जोड़ते हुए संविधान का अर्थ समझाया। डा. के.एल. सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक समाज में कुछ मौखिक एवं लिखित नियम होते हैं, वैसे ही संपूर्ण देश के सुचारू रूप से संचालन हेतु नियमों का जो मसौदा बना उसे संविधान कहते हैं।

लता नायक, के. कश्यप मैडम, शाला प्रबंध समिति की अध्यक्षा सुनीता भुआर्य, प्रधान पाठक रमेश कुमार गजभिए ने संविधान के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठिका उत्तरा साहू तथा आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक रमेश कुमार गजभिए ने किया। कार्यक्रम में शाला के छात्र-छात्राओं के साथ ही पालक एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एकलव्य महाविद्यालय में मनाया संविधान दिवस




**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. रोशन आरा ने संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई व प्रस्तावना में वर्णित संविधानिक दर्शनों से अवगत कराया। राजनीति विज्ञान के अतिथि प्राध्यापक देवानंद वर्मा ने बताया कि 26 नवम्बर 1949 को देश का संविधान बनकर तैयार हुआ तथा 26 जनवरी 1950 को पूरे देश में लागू किया गया, 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत 2015 से की गईं है। आज का यह संविधान दिवस पूरे देश के लिए ऐतिहासिक है क्योंकि आज संविधान बनें हुए 75 साल पूरे हो रहे हैं। हलेश कुमार लिल्हारे राजनीति विज्ञान के अतिथि प्राध्यापक ने संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों को जीवन के लिए आवश्यक बताया। मुख्य वक्ता प्रदीप कुमार खरे सहायक प्राध्यापक इतिहास ने प्रस्तावना तथा संविधान निर्माण संबंधी ऐतिहासिक तथ्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कार्यालयीन स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### फागुनदाह में मनाया गया संविधान दिवस

**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फागुनदाह में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों को संविधान की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही संविधान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।



## कनेरी समिति के प्राधिकृत अधिकारी मेहत्तर ने ग्रहण किया पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सेवा सरकारी समिति कनेरी में प्राधिकृत अधिकारी मेहत्तर नेताम ने पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जर्नादन सिन्हा थे, अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत कनेरी दिनेश्वरी सिन्हा ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनार्दन सिन्हा ने कहा प्राधिकृत अधिकारी सरकार व किसान के बीच की कड़ी हैं। सेवा सरकारी समिति के कर्मचारी के साथ मिलकर किसानों की हर समस्या का समाधान करेंगे और कोई भी समस्या आती है तो उसके त्वरित समाधान के लिए सभी एक साथ मिलकर काम करेंगे।

## सेवा सहकारी समिति तिरगा के प्राधिकृत अधिकारी देवसिंह ने ग्रहण किया पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

सेवा सहकारी समिति तिरगा पंजीयन क्रमांक 1202 में नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी देवसिंह ठाकुर ने पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सभापति मुकेश बेलचंदन थे। विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र बेलचंदन, गिरेश साहू, पुराण देशमुख, लिकेश्वर देशमुख, जैन देशमुख, संत राम देशमुख, नंदकुमार देशमुख, गैंद लाल देशमुख उपस्थित थे।

अतिथियों ने नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी देवसिंह ठाकुर को बधाई देते हुए सहकारिता के मूल उद्देश्य के लिए मिलजुलकर कार्य करने को कहा। नवनियुक्त प्राधिकारी देव सिंह ठाकुर ने कहा कि आप सभी के सहयोग से शासन




के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए किसानों की समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम का संचालन टिकेश्वर दिल्लीवार एवं आभार प्रदर्शन जैन देशमुख ने किया। इस अवसर पर युवराज देशमुख, घनश्याम देशमुख, दुखित अमृत, विनय ठाकुर, चंद्रप्रकाश बेलचंदन, भगत यादव, भरत बेलचंदन, पोषण बेलचंदन के साथ ही सोसायटी प्रभारी पुकेश्वर दिल्लीवार, हेमंत दिल्लीवार, पुकेश बेलचंदन तिलक यादव, कृषि विस्तार अधिकारी, राजेश्वर बेहरा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## छग आयुष कर्मचारी विकास संघ बालोद के अध्यक्ष बने खिलानंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ आयुष कर्मचारी विकास संघ शाखा बालोद की मासिक बैठक गंगा मइया झलमला में रखी गई। बैठक में जिला शाखा बालोद का पुर्नगठन किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष के पद पर खिलानंद साहू को चुना गया।

अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी का निर्विरोध चुनाव किया गया, जिसमें संघ के कार्य को सुचारु रूप से निर्वहन करने का निर्णय सर्वसम्मति लिया गया। उपाध्यक्ष मनोज कुमार साहू, उपाध्यक्ष दुर्गा पौसार्य सचिव रामचंद्र जासवाल घना राम ध्रुव, सहसचिव राजीव सिन्हा, सहसचिव अमित बाजपेयी, कोषाध्यक्ष अरविंद ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष नरेश भुआर्य, प्रांतीय प्रतिनिधि कमलेश साहू, प्रवक्ता एवं कार्यकारी सदस्य हेमलता साहू, अल्मा टोप्पो, रोहित कतलाम, रघुवर सोनकर, टेमन साहू, अरुण देशमुख, भुनेश्वर साहू पदाधिकारी का मनोनयन किया।

### आरएसएस व अनुषांगिक संगठनों की बैठक कल

**गुरूर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपने स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। इस वर्ष संघ कार्य को और अधिक बल के साथ गति देने के लिए कार्यरत है। इसके तहत अनुषांगिक संगठनों की बैठक साहू सदन कोलिहामार में 28 नवंबर को दोपहर 2 बजे से आयोजित की गई है। उक्त बैठक में प्रांत प्रचारक अभय राम का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। खंड कार्यवाह जागृत साहू ने बताया कि बैठक में भारतीय जनता पार्टी सहित सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठ, विद्या भारती, विश्व हिन्दू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, सहकार भारती, भारतीय किसान संघ, शिक्षक संघ के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## पलारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी नंदकुमार ने ली शपथ



**गुरूर।** सेवा सहकारी समिति पलारी के अंतर्गत उपार्जन केंद्र सनौद में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें प्राधिकृत अधिकारी नंदकुमार साहू ने शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉ हरिकृष्ण गंजीर थे, अध्यक्षता पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत सनौद आशीष साहू ने की।

विशिष्ट अतिथि पूर्व जनपद सदस्य सनौद लीलाराम सोनबर, पूर्व सदस्य सेवा सरकारी समिति पलारी प्रेमलाल साहू, अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा मंडल गुरुर मनीष साहू, महामंत्री युवा मोर्चा भाजपा मंडल गुरुर मितेश साहू के अतिथि में शपथ ग्रहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ गंजीर ने कहा कि सेवा सरकारी समिति के कर्मचारी के साथ मिलकर किसानों की हर समस्या का समाधान करेंगे और कोई भी समस्या आने पर उसके समाधान के लिए मिलकर काम करेंगे। प्राधिकृत अधिकारी नंदकुमार साहू ने भी सभी को एक साथ लेकर काम करने की बात कही। इस अवसर पर अमित कुमार सिन्हा, प्रभारी प्रबंधक नरोत्तम विश्वकर्मा, देवघर साहू, युगल किशोर साहू, हेमलाल साहू, कुमार साहू, महेश्वर साहू, महेश साहू, दिनेश सिन्हा, गेंद लाल साहू सहित सभी 5 गांव के किसान उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन अमित कुमार सिन्हा ने किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com



दिनांक (05 दिन)
22 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024, 13 जनवरी से 17 जनवरी 2025
26 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 09 मार्च से 13 मार्च 2025
13 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांघा), काठमांडू दरबार
Ex गोरखपुर/ नोतनवा
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 7,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511